संख्या- 186 /2022/ 2297 /चार-2022

प्रेषक,

रघुनाथ प्रसाद वर्मा,
अनु सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

निदेशक,
संस्कृति निदेशालय, उ0प्र0,
जवाहर भवन, लखनऊ ।

संस्कृति अनुभाग: **लखनऊ: दिनांक 18 अक्टूबर, 2022**

विषय:- अयोध्या में दीपोत्सव-2022 के आयोजन हेतु प्रशासकीय/ वित्तीय स्वीकृति के संबंध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक अपने पत्र संख्या-2140/सं0नि015(43)/2021-22 दिनांक 11 अक्टूबर, 2022 का कृपया संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा धनराशि रू0 149.29 लाख की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान करने की अपेक्षा की गयी है।

2- इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि अयोध्या में दीपोत्सव-2022 के आयोजन हेतु उपलब्ध कराये गये प्रस्ताव पर सम्पक् विचारोपरान्त प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान करते हुए अग्रिम रू0 1,25,00,000.00 (रूपये एक करोड़ पच्चीस लाख मात्र) निर्गत करने की निम्न शर्तो के अधीन श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं :-

(1) वास्तविक व्यय के आधार पर बिल वाउचर प्रस्तुत करने के उपरान्त अवशेष धनराशि के भुगतान हेतु नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी।

(2) समस्त कार्यों का भौतिक सत्यापन कराया जायेगा। इस हेतु श्री अमित कुमार अग्निहोत्री, सहायक निदेशक, संस्कृति निदेशालय, लखनऊ को नोडल अधिकारी नामित किया जाता है।

(3) संस्कृति निदेशालय द्वारा धनराशि आहरित कर निदेशक, अयोध्या शोध संस्थान, अयोध्या को उपलब्ध करायी जायेगी जिनके द्वारा समस्त भुगतान आदि की कार्यवाही नियमानुसार पूर्ण कर समस्त कार्यों के फोटोग्राफ, वीडियो आदि का विवरण तथा उपयोगिता प्रमाण पत्र संस्कृति निदेशालय व शासन को उपलब्ध कराया जायेगा।

(4) उक्त स्वीकृति इस प्रतिबन्ध के अधीन है कि उपरोक्त स्वीकृत धनराशि आवंटित मदों पर व्यय की जायेगी, व्यय की अन्य मदों हेतु कदापि उपयोग नहीं किया जायेगा।

(5) उपर्युक्त स्वीकृत धनराशि के सम्बन्ध में वित्त विभाग के मितव्ययिता सम्बन्धी आदेशों तथा व्यय पर नियंत्रण के सम्बन्ध में निर्गत शासनादेशों का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा। सुसंगत वित्तीय नियमों के अन्तर्गत ही व्यय किया जायेगा।

(6) यह आदेश वित्त विभाग के शासनादेश दिनांक 07 जून, 2022 में प्राप्त दिशा-निर्देशों के अन्तर्गत प्रतिनिधानित अधिकारों के अन्तर्गत निर्गत किये जा रहे हैं।

3- उक्त धनराशि का व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2022-23 के आय-व्ययक के अनुदान संख्या-92 के अन्तर्गत लेखाशीर्षक-2205-कला एवं संस्कृति-001-निदेशन एवं प्रशासन-03-संस्कृति निदेशालय-42-अन्य व्यय मद से किया जायेगा।

भवदीय,
रघुनाथ प्रसाद वर्मा
अनु सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in

संख्या 186 /2022/ 2297 (1)/चार-2022, तद्दिनांक।

प्रतिलिपि: निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- प्रधान महालेखाकार, (लेखा व हकदारी) प्रथम, उ0प्र0 प्रयागराज।
2- वित्त नियंत्रक, संस्कृति निदेशालय, उ0प्र0 जवाहर भवन, लखनऊ।
3- मुख्य कोषाधिकारी, कोषागार, जवाहर भवन, लखनऊ।
4- निदेशक, अयोध्या शोध संस्थान, अयोध्या को इस आशय से प्रेषित कि कृपया समस्त कार्यवाही नियमानुसार पूर्ण कर शासन को एक सप्ताह में अवगत कराने का कष्ट करें।
5- श्री अमित कुमार अग्निहोत्री, सहायक निदेशक, संस्कृति निदेशालय,उ0प्र0 लखनऊ।
6- वित्त (लेखा) अनुभाग-1/वित्त (ई-7) अनुभाग, उ0प्र0 शासन।

आज्ञा से,
रघुनाथ प्रसाद वर्मा
अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.gov.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।